प्रभात खबर

संपतचक के मितनचक में बन रही थी नकली शराब, रैपर व बोतल बरामद

फुलवारीशरीफ. संपतचक में मितन चक इलाके में बड़े पैमाने पर नकली अंग्रेजी शराब का कारोबार चल रहा था. यहां नकली शराब फैक्ट्री पकड़ी गयी है. उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने छापेमारी कर यहां भारी मात्रा में अर्धनिर्मित शराब निर्मित शराब शराब के डब्बे रैपर बोतल मशीन पैकिंग स्टीकर आदि आपत्तिजनक सामान बरामद किया है.

उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम ने बताया कि सूचना के आलोक में पुलिस टीम द्वारा पहले मितन चक पहुंचकर सही जानकारी ली गयी उसके बाद एक टीम बनाकर उक्त जगह पर छापेमारी की गयी. मितनचक मुसहरी गोपालपुर थाना इलाके मे छापामारी करते हुए मौके से 207 बोतल नकली अंग्रेजी शराब क्यूआर स्कैन, 500 पीस अलग-अलग ब्रांड के शराब कि खाली बोतल 500 पिस शराब पैकेट में लगने वाले ढक्कन लगभग 1000 पीस बरामद के साथ शराब में मिलाने बाला 2 रंग डिब्बा भी बरामद किया है. हालांकि कि मौके से किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है. सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने आगे बतलाया कि यह विदेशी शराब बनाने में होम्योपैथिक दवा का भी इस्तेमाल कर रहे थे. फिलहाल पुलिस नकली शराब, शराब की खाली बोतल, क्यूआर स्कैन आदि को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/patna/fake-liquor-factory-busted-3